केशव पांडे ‘दखल गौरव सम्मान-2022’ से सम्मानित

चर्चा में क्यों?

11 जनवरी, 2022 को मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता केशव पांडेय को भोपाल के कुक्कुट भवन में आयोजित समारोह में दखल गौरव सम्मान-2022 से सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश सरकार में गृह मामलों, कानून और विधायी मामलों, जेलों और संसदीय मामलों के मंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा पांडे को यह पुरस्कार प्रदान किया गया।
- केशव पांडे को पत्रकारिता, स्वास्थ्य, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये यह पुरस्कार दिया गया।
- केशव पांडे वर्तमान में स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल के क्षेत्र में काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन उद्भव स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन के अध्यक्ष हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/keshav-pandey-honored-with-dakhal-gaurav-samman-2022